प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

कोड / Code : **26-R**

विषय / Subject : **G.K. & G.S.**

Exam Date :- 19/11/2013

55426117

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या /
Number of Pages in Booklet : 64

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या /
Number of Questions in Booklet : 150

**26-R** G.K. & G.S.
विषय कोड **A** बुकलेट सीरीज

समय / Time : 3.00 घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 200

## INSTRUCTIONS

1. **Answer all questions.**
2. **All questions carry equal marks.**
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** (A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.)
7. The candidate should ensure that Series Code of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the envelopes. In case they are different, a candidate must obtain another question paper of the same series. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. 5 marks will be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

*Warning* : If a candidate is found copying or if any unauthorised material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the R.P.E. (Prevention of Unfairmeans) Act, 1992. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations of the Commission.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पाइंट पेन से गहरा करना है ।
6. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
7. प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही सीरीज अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है। इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न-पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न-पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें। ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांकों में से अनिवार्य रूप से काटे जाएंगे।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

1 If in a certain language, GOOD is coded as HQRH, which word will be coded DRFAM in the same language ?

(1) ESFBN (2) ETHER

(3) ETHPQ (4) ESHDR

यदि GOOD को किसी सांकेतिक भाषा में HQRH लिखा जाता है, तो उसी सांकेतिक भाषा में DRFAM किस प्रकार लिखा जायेगा ?

(1) ESFBN (2) ETHER

(3) ETHPQ (4) ESHDR

2 In an alarm clock, the alarm hand because of mechanical defect moves 1 minute faster in every half hour. If the alarm is set for 3 afternoon at 12 noon, then alarm will ring at :

(1) 3.30 pm (2) 4.00 pm

(3) 4.30 pm (4) 5.00 pm

एक घंटी वाली घड़ी में यांत्रिक दोष के कारण घंटी वाली सुई प्रत्येक आधा घंटे में 1 मिनट तेज चलती है। यदि 12 मध्यान्ह पर घंटी अपरान्ह 3 बजे के लिए लगाई जाए तो घंटी बजेगी :

(1) 3.30 pm पर (2) 4.00 pm पर

(3) 4.30 pm पर (4) 5.00 pm पर

3 A bag contains 25 paisa, 50 paisa and 1 Re. coins. There are 220 coins in all and the total amount in the bag is Rs. 160. If there are thrice as many as 1 Re. coins as there are 25 paisa coins, then what is the number of 50 paisa coins ?

(1) 120 (2) 80

(3) 60 (4) 40

एक थैले में 25 पैसे, 50 पैसे तथा 1 रु. के सिक्के हैं। थैले में कुल सिक्कों की संख्या 220 है जिनका कुल मूल्य 160 रु. है। यदि 1 रु. के सिक्कों की संख्या 25 पैसे के सिक्कों की संख्या से तिगुनी हो तो 50 पैसे के सिक्कों की संख्या कितनी है?.

(1) 120 (2) 80

(3) 60 (4) 40

4 If it is possible to make a meaningful word with the second, the fourth, the seventh and the eighth letters of the word CONTROVERSIAL, which of the following will be the first letter of that word ? If more than one such word can be made, given 'M' as the answer. If no such word can be made, give 'X' as the answer, then correct answer is :

(1) X (2) V

(3) M (4) T

यदि शब्द CONTROVERSIAL के दूसरे, चौथे, सातवें तथा आठवें अक्षरों से एक सार्थक शब्द बनाना संभव है तो निम्न में से उस शब्द का पहला अक्षर कौन सा होगा ? यदि ऐसे शब्द एक से अधिक बनाये जा सकते हों तो उत्तर 'M' देवें। यदि ऐसा कोई शब्द नहीं बनाया जा सकता हो तो उत्तर 'X' देवें। सही उत्तर है :

(1) X (2) V

(3) M (4) T

5 A sum of Rs. 671 is divided among A, B, C such that if there shares be increased by Rs. 3, Rs. 7 and Rs. 9 respectively. The resulting share shall be in the ratio 1 : 2 : 3, then B's share is :

(1) Rs. 224 (2) Rs. 112

(3) Rs. 230.66 (4) Rs. 223

671 रु. की राशि A, B, C में इस प्रकार बांटी है कि यदि उनके भाग की राशियों में क्रमशः 3 रु., 7 रु. तथा 9 रु. बढ़ाए जाने पर परिणामी भागों का अनुपात 1 : 2 : 3 होगा। B का भाग है :

(1) 224 रु. (2) 112 रु.

(3) 230.66 रु. (4) 223 रु.

6 The hours hand and minutes hand of a clock are 4 cm and 6 cm long respectively. Then the ratio of distances travelled by tip of hours hand in 2 days and tip of minutes hand in 3 days is :

(1) 2 : 3 (2) 1 : 4

(3) 1 : 9 (4) 1 : 27

एक घड़ी की घण्टे वाली तथा मिनट वाली सुईयों की लम्बाईयाँ क्रमशः 4 सेमी तथा 6 सेमी है, तो 2 दिनों में घण्टे वाली सुई की नोंक द्वारा चली गई दूरी तथा 3 दिनों में मिनट वाली सुई की नोंक द्वारा चलित दूरी का अनुपात है :

(1) 2 : 3 (2) 1 : 4

(3) 1 : 9 (4) 1 : 27

7 Study the following bar graph, then answer the question given below it :




**Percentage of villages which are not electrified**

Which state has twice the percentage of villages electrified in comparison to state 'D' ?

(1) A (2) C

(3) E (4) F

निम्न दण्ड आलेख का अध्ययन कर दिए निम्न प्रश्न का उत्तर देवें :




**गांवों का प्रतिशत जो विद्युतीकरण नहीं है**

प्रान्त D की अपेक्षा किस प्रान्त के गांवों में विद्युतीकरण का प्रतिशत दुगुना है?

(1) A (2) C

(3) E (4) F

8 The metro service has a train giving from Mumbai to Pune and Pune to Mumbai every hour. The first one at 6 am. The trip from one city to other takes 4.30 hours and all trains travel at the same speed. How many trains through a passenger will pass while going from Mumbai to Pune if he starts at 12 noon ?

(1) 9 (2) 13

(3) 8 (4) 10

मेट्रो सेवा की एक रेल प्रत्येक घण्टे मुम्बई से पूणे जाती है। प्रथम 6 am बजे से। एक शहर से अन्य शहर तक का एक चक्कर 4.30 घण्टे का है तथा सभी रेलें समान गति से चलती हैं। यदि एक यात्री 12 मध्यान्ह मुम्बई से पुणे जाना प्रारम्भ करता है तो उस यात्री से कितनी रेलें गुजरेंगी ?

(1) 9 (2) 13

(3) 8 (4) 10

9 Three different positions of the same dice have shown in the following figures. Which of the colour will be opposite to the red surface ?




(A) (B) (C)

(1) White (2) Brown

(3) Yellow (4) Green

निम्न चित्रों में एक ही पासे की तीन विभिन्न स्थितियाँ दिखलाई गई हैं। लाल पृष्ठ के विपरीत कौन-सा रंग होगा ?




(A) (B) (C)

(1) सफेद (2) भूरा

(3) पीला (4) हरा

10 Study the following pie chart and answer the question given below it :




Expenditure chart

A – Paper

B – Advertisement

C – Binding

D – Printing

E – Royalty

F – Miscellaneous

How much percent more is spent on advertisement than that on binding ?

(1) 2.5 (2) 9

(3) 10 (4) 28

निम्न पाई आलेख का अध्ययन कर निम्न दिए प्रश्न का उत्तर देवें :




खर्च चार्ट

A – कागज

B – विज्ञापन

C बाइन्डिंग

D – मुद्रण

E – रायल्टी

F – विविध

बाइन्डिंग की अपेक्षा विज्ञापन पर कितना प्रतिशत ज्यादा खर्च किया है?

(1) 2.5 (2) 9

(3) 10 (4) 28

11 In August, 2013, the FIBA Asia Championship for men was held at :

(1) Hongkong (2) Beirut

(3) Manila (4) Ankara

पुरुषों के लिए फ़ीबा एशिया चैम्पियनशिप अगस्त, 2013 में आयोजित हुई :

(1) हांगकांग में (2) बेरूत में

(3) मनीला में (4) अंकारा में

12 Iran and P5+1 talks were held in Geneva in October, 2013. In this '−1' stands for :

(1) India (2) Germany

(3) Israel (4) European Union

अक्टूबर, 2013 में जिनीवा में ईरान एवं P5+1 के बीच वार्ता हुई। इसमें '+1' से आशय है :

(1) भारत (2) जर्मनी

(3) इजरायल (4) यूरोपीय संघ

13 India's first film to be awarded the best film in Cannes Film Festival in 1946 is :

(1) Dastak (2) Do Beegha Zameen

(3) Neecha Nagar (4) Garam Hawa

कान्स फिल्म समारोह, 1946 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के रूप में पुरस्कृत भारत की पहली फिल्म है :

(1) दस्तक (2) दो बीघा जमीन

(3) नीचा नगर (4) गरम हवा

14 Consider the following statements :

(i) The Man Booker Prize, 2013 has been won by Eleanor Catton.

(ii) She belongs to Australia.

(iii) It has been conferred on her book 'The Luminaries'.

(iv) She has the youngest Literature to have won it.

Identify the correct statement/s using the codes given below :

(1) (i) and (iii) only (2) (i) and (ii) only

(3) (ii), (iii) and (iv) only (4) (i), (iii) and (iv) only

निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) 2013 का मैन बुकर प्राइज एलीनोर केटन ने जीता है।

(ii) वह ऑस्ट्रेलिया की है।

(iii) यह उनकी पुस्तक 'द लुमिनेरीज' के लिये दिया गया है।

(iv) इसे जीतने वाली वह सबसे युवा साहित्यकार है।

निम्नांकित कूटों का प्रयोग करते हुए सही कथन/कथनों को चुनिए :

(1) केवल (i) एवं (iii) (2) केवल (i) एवं (ii)

(3) केवल (ii), (iii) एवं (iv) (4) केवल (i), (iii) एवं (iv)

15 How many sessions of 13th Rajasthan Legislative Assembly took place ?

(1) 9 (2) 11
(3) 13 (4) 14

13वीं राजस्थान विधान सभा के कुल कितने सत्र हुए ?

(1) 9 (2) 11
(3) 13 (4) 14

16 Narendra Dabholkar was the Editor of a renowned Marathi Weekly, called :

(1) Satyashodhak (2) Nastik
(3) Andh Shraddha Nirmoolan (4) Sadhana

नरेंद्र दाभोलकर एक प्रसिद्ध मराठी साप्ताहिक के संपादक थे, जिसका नाम है :

(1) सत्यशोधक (2) नास्तिक
(3) अंधश्रद्धा निर्मूलन (4) साधना

17 Match the following lists :

| | List - X | | List - Y |
|---|---|---|---|
| (A) | INS Chakra | (i) | Submarine, partially sank on 14th August, 2013 |
| (B) | INS Aridhaman | (ii) | Akula class Nuclear Submarine on lease from Russia |
| (C) | INS Arihant | (iii) | India's second - to - be indigenously built Nuclear Submarine |
| (D) | INS Sindhurakshak | (iv) | India's First indigenously built Nuclear submarine |

**Code :**

(1) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(2) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(i)
(3) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(ii)
(4) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)

निम्नांकित सूचियों को सुमेलित कीजिए :

| | सूची - X | | सूची - Y |
|---|---|---|---|
| (A) | आई एन एस चक्र | (i) | 14 अगस्त, 2013 को अंशतः डूब गई पनडुब्बी |
| (B) | आई एन एस अरिदमन | (ii) | रूस से पट्टे पर ली गई अकुला श्रेणी की नाभिकीय पनडुब्बी |
| (C) | आई एन एस अरिहंत | (iii) | भारत की 'दूसरी होने वाली' स्वदेश–निर्मित नाभिकीय पनडुब्बी |
| (D) | आई एन एस सिंधुरक्षक | (iv) | भारत की पहली स्वदेश–निर्मित नाभिकीय पनडुब्बी |

**कूट :**

(1) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(2) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(i)
(3) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(ii)
(4) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)

18 On 23rd October, 2013 when Prime Minister Manmohan Singh was visiting China, Prime Ministers of two other countries also began their visit to China; these two countries are :

(1) Japan and Russia

(2) Vietnam and Australia

(3) Russia and Mangolia

(4) Vietnam and Indonesia

23 अक्टूबर, 2013 को जब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह चीन की यात्रा पर थे, दो अन्य देशों के प्रधानमंत्रियों ने भी अपनी चीन–यात्रा प्रारंभ की, ये दो देश हैं :

(1) जापान एवं रूस

(2) वियतनाम एवं ऑस्ट्रेलिया

(3) रूस एवं मंगोलिया

(4) वियतनाम एवं इंडोनेशिया

19 President of the International Olympic Committee is :

(1) Jacques Rogge (2) Thomas Bach

(3) Richard Carrison (4) Julian Samaranch

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का अध्यक्ष है :

(1) जेक्स रोगे (2) थॉमस बाक़

(3) रिचर्ड केरीसन (4) जूलियन समरांच

20 The National Highway, which connects Hyderabad to Banglulu is :

(1) N. H. 44 (2) N. H. 47

(3) N. H. 27 (4) N. H. 34

हैदराबाद से बंगलूरु को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग है :

(1) एन. एच. 44 (2) एन. एच. 47

(3) एन. एच. 27 (4) एन. एच. 34

21 The Grandmaster from Bhilwara, who won the Commonwealth Chess Championship in July 2013 in South Africa is :

(1) Abhijeet Gupta (2) G. Akash

(3) Sahaj Grover (4) Rakesh Kulkarni

दक्षिण अफ्रीका में जुलाई, 2013 में कॉमनवेल्थ शतरंज चैम्पियनशिप जीतने वाले भीलवाड़ा के ग्रैंड मास्टर हैं :

(1) अभिजीत गुप्ता (2) जी. आकाश

(3) सहज ग्रोवर (4) राकेश कुलकर्णी

22 Consider the following statements :

(i) Virat Kohli scored fastest ODI century by an Indian at Jaipur on $16^{th}$ October, 2013.

(ii) He scored century in 50 balls.

(iii) He broke the record of Virender Sehwag, who scored century in 60 balls.

(iv) Kohli is the $10^{th}$ fastest century scorer in ODIs in the world.

Indentify the correct statement/s using the codes given below :

(1) (i), (ii) and (iii) only (2) (i) and (iii) only

(3) (i) and (iv) only (4) (ii) and (iv) only

निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) 16 अक्टूबर, 2013 को जयपुर में विराट कोहली ने एक भारतीय द्वारा सबसे तेज एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया।

(ii) उसने 50 गेंदों पर शतक जमाया।

(iii) उसने 60 गेंदों में शतक का वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड तोड़ा।

(iv) कोहली एक-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज शतक जमाने वाले दुनिया के 10 वें बल्लेबाज हैं।

निम्नांकित कूटों का प्रयोग करते हुए सही कथनों को चुनिए :

(1) केवल (i), (ii) एवं (iii) (2) केवल (i) एवं (iii)

(3) केवल (i) एवं (iv) (4) केवल (ii) एवं (iv)

23 Head of the government of which country cancelled his/her official visit to United States of America in October, 2013 as a protest against its electronic surveillance under Prism Program ?

(1) Venezuela (2) Germany

(3) Spain (4) Brazil

किस देश के शासनाध्यक्ष ने प्रिज्म प्रोग्राम के अंतर्गत अपनी इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के विरोधस्वरूप अक्टूबर, 2013 में संयुक्त राज्य अमरीका का अपना राजकीय दौरा रद्द कर दिया ?

(1) वेनेजुएला (2) जर्मनी

(3) स्पेन (4) ब्राज़ील

24 Match the following lists :

| | List -X (Dronacharya Awardee Coach of Year 2013) | | List - Y (Related sport) |
|---|---|---|---|
| (A) | Poornima Mahto | (i) | Hockey |
| (B) | Mahaveer Singh | (ii) | Athletics |
| (C) | K. P. Thomas | (iii) | Archery |
| (D) | Raj Singh | (iv) | Wrestling |
| | | (v) | Boxing |

**Code :**

(1) (A)-(iii), (B)-(v), (C)-(ii), (D)-(iv)

(2) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(v), (D)-(i)

(3) (A)-(v), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(ii)

(4) (A)-(ii), (B)-(v), (C)-(iii), (D)-(i)

निम्नांकित सूचियों को सुमेलित कीजिए :

| | सूची -X (वर्ष 2013 के द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच) | | सूची - Y (संबंधित खेल) |
|---|---|---|---|
| (A) | पूर्णिमा महतो | (i) | हॉकी |
| (B) | महावीर सिंह | (ii) | एथलेटिक्स |
| (C) | के. पी. थॉमस | (iii) | तीरंदाजी |
| (D) | राज सिंह | (iv) | कुश्ती |
| | | (v) | बॉक्सिंग |

**कूट :**

(1) (A)-(iii), (B)-(v), (C)-(ii), (D)-(iv)

(2) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(v), (D)-(i)

(3) (A)-(v), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(ii)

(4) (A)-(ii), (B)-(v), (C)-(iii), (D)-(i)

25 The deepest Railway tunnel inaugurated by Prime Minister R. T. Erdogan recently in Turkey is called :

(1) Gotthard Rail Tunnel (2) Channel Tunnel

(3) Bolmen Water Tunnel (4) Marmary Tunnel

प्रधानमंत्री आर. टी. एर्दोगान द्वारा हाल ही में टर्की में शुरू की गई सबसे गहरी रेल्वे सुरंग का नाम है :

(1) गोठार्ड रेल सुरंग (2) चैनल सुरंग

(3) बोलमेन वॉटर सुरंग (4) मरमरी सुरंग

26 For how many years, the Telegram Service in India operated, before it was closed forever on July 14th, 2013 ?

(1) 156 years (2) 160 years

(3) 163 years (4) 168 years

14 जुलाई, 2013 को सदैव के लिए बंद करने से पूर्व तार सेवा ने भारत में कितने वर्ष काम किया ?

(1) 156 वर्ष (2) 160 वर्ष

(3) 163 वर्ष (4) 168 वर्ष

27 Who has been awarded Bal Sahitya Puraskar of 2013 in Rajasthani language by Sahitya Akademi, New Delhi ?

(1) Aaidan Singh Bhati (2) Atul Kanak

(3) Dinesh Panchal (4) Vimla Bhandari

साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा राजस्थानी भाषा में 2013 का बाल साहित्य पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?

(1) आइदान सिंह भाटी (2) अतुल कनक

(3) दिनेश पांचाल (4) विमला भंडारी

28 India's Mars Orbiter Mission on 5th November, 2013 was launched by the Rocket :

(1) PSLV – C21 (2) PSLV – C25

(3) GSLV – III (4) GSLV – I

5 नवंबर, 2013 को भारत का मंगलयान मिशन किस रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया ?

(1) पी एस एल वी – सी 21 (2) पी एस एल वी – सी 25

(3) जी एस एल वी – III (4) जी एस एल वी – I

29 Among the following, which Hindi Novel has been written by Rajendra Yadav ?

(1) Saara Aakash (2) Andhere Band Kamare

(3) Raag Darbari (4) Aadha Gaon

निम्नांकित में से कौन–सा उपन्यास राजेन्द्र यादव द्वारा लिखा गया है?

(1) सारा आकाश (2) अंधेरे बंद कमरे

(3) राग दरबारी (4) आधा गाँव

30 Among the following, which Assembly Constituency of Rajasthan is numbered as 1 by Election Commission of India ?

(1) Ajmer (North) (2) Manoharthana

(3) Sadulshahar (4) Bansur

राजस्थान का कौन–सा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा क्रमांक 1 पर है ?

(1) अजमेर (उत्तर) (2) मनोहरथाना

(3) सादुलशहर (4) बानसूर

31 Blue tooth technology is used in -

(1) Land line phone to mobile phone communication.

(2) Wireless communication between equipments.

(3) Signal transmission on mobile phones only.

(4) Satellite television communication.

ब्यू टूथ तकनीक प्रयुक्त होती है –

(1) लैण्डलाइन फोन से मोबाइल फोन पर संचार हेतु

(2) यंत्रों के मध्य वायरलेस संचार हेतु

(3) केवल मोबाइल फोन पर सिग्नल प्रसारण हेतु

(4) सेटेलाइट टेलीविजन संचार हेतु

32 Which country was the first to launch artificial satellite ?

(1) USA (2) Russia

(3) China (4) Germany

कृत्रिम उपग्रह प्रक्षेपण करने वाला प्रथम देश कौन था ?

(1) यू.एस.ए. (2) रूस

(3) चीन (4) जर्मनी

33 NASA's first mission capable of finding Earth size and smaller planets around other stars is -

(1) Wessler (2) Hubble

(3) Cassini (4) Kepler

नासा का प्रथम सक्षम मिशन, जिसके द्वारा पृथ्वी का आकार एवं अन्य तारों के चारों ओर उपस्थित लघु ग्रहों की खोज की जा सकी, वह है –

(1) वेसलर (2) हूबल

(3) केसिनी (4) केपलर

34 Which one of the following, is the India's First indegenous aircraft carrier ?

(1) INS Virat (2) INS Vishal

(3) INS Viram (4) INS Vikrant

निम्नलिखित में से कौन सा, भारत में निर्मित प्रथम स्वदेशी वायुयान वाहक है ?

(1) आई.एन.एस. विराट (2) आई.एन.एस. विशाल

(3) आई.एन.एस. विराम (4) आई.एन.एस. विक्रान्त

35 Which of the following are battle tanks ?

(1) Arjun and T-72

(2) Arjun and AN-32

(3) Maharaja and T-72

(4) Maharaja and AN-32

निम्नलिखित में से कौन से युद्धक टैंक हैं ?

(1) अर्जुन व T-72

(2) अर्जुन व AN-32

(3) महाराजा व T-72

(4) महाराजा व AN-32

36 Nanotechnology is related to

(1) Atomic engineering (2) Carbon engineering

(3) Microbiology (4) Microphysics

नैनोटेक्नोलॉजी (अतिसूक्ष्म तकनीकी) सम्बन्धित है –

(1) परमाणु (एटोमिक) अभियांत्रिकी से (2) कार्बन अभियांत्रिकी से

(3) सूक्ष्मजीवविज्ञान से (4) सूक्ष्म-भौतिकी से

37 Consider the following statements :

(i) Nanotechnology is based on nanometre scale.

(ii) Nanomaterials may be characterized by electron microscopy.

(iii) Plasma synthesis is the physical technique for synthesis of nanomaterials.

Which of the above statement/s is/are true ?

(1) (i) only (2) (iii) only

(3) (i) and (ii) (4) (ii) and (iii)

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

(i) अतिसूक्ष्म तकनीक (नैनोटेक्नोलॉजी) नैनोमीटर पैमाने पर आधारित होती है।

(ii) अतिसूक्ष्म पदार्थों (नैनोमेटीरियल) की विशिष्टता इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी द्वारा ज्ञात की जा सकती है।

(iii) अतिसूक्ष्म पदार्थों (नैनोमेटीरियल) के संश्लेषण की भौतिक तकनीक प्लाज्मा सिन्थेसिस होती है।

उपरोक्त में से कौन-सा / से कथन सत्य है / हैं ?

(1) केवल (i) (2) केवल (iii)

(3) (i) व (ii) (4) (ii) व (iii)

38 Consider the following statements :

(i) Vitamins are a class of nutrients that cannot be biosynthesized by the human body except vitamins A and D.

(ii) Vitamins E and K are water soluble.

(iii) Vitamins B and C are fat soluble.

Which of the above statement/s is / are true ?

(1) (i) only (2) (ii) only

(3) (i) and (ii) (4) (ii) and (iii)

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

(i) विटामिन पोषकों का एक ऐसा वर्ग है, जिनका मानव शरीर द्वारा जैव-संश्लेषण नहीं किया जा सकता है, विटामिन A व D को छोड़कर।

(ii) विटामिन E व K जल में घुलनशील होते हैं।

(iii) विटामिन B व C वसा में घुलनशील होते हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा / से कथन सत्य है / हैं ?

(1) केवल (i) (2) केवल (ii)

(3) (i) व (ii) (4) (ii) व (iii)

39 Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (A) | Dhobie itch | (i) | Virus |
| (B) | Malaria | (ii) | Bacteria |
| (C) | Pneumonia | (iii) | Protozoa |
| (D) | Mumps | (iv) | Fungi |
| | | (v) | Worms |

**Code :**

(1) (A)-(iv), (B)-(v), (C)-(iii), (D)-(ii)
(2) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(3) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)
(4) (A)-(iii), (B)-(v), (C)-(iv), (D)-(ii)

**सूची–I** को **सूची–II** से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची–I** | | **सूची–II** |
|---|---|---|---|
| (A) | धोबी इच | (i) | विषाणु |
| (B) | मलेरिया | (ii) | जीवाणु |
| (C) | न्यूमोनिया | (iii) | प्रोटोजोआ |
| (D) | मम्प्स | (iv) | कवक |
| | | (v) | कृमि |

कूट :

(1) (A)-(iv), (B)-(v), (C)-(iii), (D)-(ii)
(2) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(3) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)
(4) (A)-(iii), (B)-(v), (C)-(iv), (D)-(ii)

40 Assertion (A) : Coal based thermal power stations contribute to acid rain.
Reason (R) : Oxides of carbon are emitted when coal burns.
Select the correct answer using the codes given below :

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

कथन (A) : कोयला आधारित तापीय ऊर्जा गृह अम्लीय वर्षा हेतु योगदान देते हैं।
कारण (R) : जब कोयला जलता है तो कार्बन के ऑक्साइड बाहर निकलते हैं।
नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुये सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(1) कथन (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(2) कथन (A) और (R) दोनों सही है किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(3) कथन (A) सत्य है, तथा (R) असत्य है।
(4) कथन (A) असत्य है, तथा (R) सत्य है।

41 Which of the following atmospheric gases are responsible for green house effect ?

(i) Carbon dioxide (ii) Methane
(iii) Oxygen (iv) Nitrogen

Select the correct answer using the codes given below :

(1) (i) and (ii) (2) (ii) and (iii)
(3) (i) and (iii) (4) (ii) and (iv)

निम्नलिखित में से कौन–सी वायुमण्डलीय गैसें हरित गृह प्रभाव हेतु उत्तरदायी हैं ?

(i) कार्बन डाइऑक्साइड (ii) मीथेन
(iii) ऑक्सीजन (iv) नाइट्रोजन

नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुऐ सही उत्तर का चयन कीजिये :

(1) (i) व (ii) (2) (ii) व (iii)
(3) (i) व (iii) (4) (ii) व (iv)

42 Assertion (A) : Insect resistant transgenic cotton has been produced by inserting Bt gene.

Reason (R) : The Bt gene is derived from insects.

Select the correct answer using the codes given below :

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, and (R) is false.
(4) (A) is false, and (R) is true.

कथन (A) : कीट प्रतिरोधी ट्रांसजेनिक कपास, बीटी (Bt) जीन प्रवेशित कराकर उत्पन्न की गई है।

कारण (R) : बीटी (Bt) जीन कीटों से प्राप्त की गई है।

नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुये सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(1) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(2) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(3) कथन (A) सत्य है, तथा (R) असत्य है।
(4) कथन (A) असत्य है, तथा (R) सत्य है।

43 Biodiversity hotspots resulting from extremely dense human population leading to destruction of natural habitats are found in :

(i) Bangladesh (ii) China
(iii) India (iv) Indonesia

Select the correct answer from the codes given below :

(1) (i) and (ii) (2) (i) and (iv)
(3) (i), (ii) and (iii) (4) (ii), (iii) and (iv)

अत्यधिक घनी मानव जनसंख्या से प्राकृतिक आवासों के विनाश के फलस्वरूप उत्पन्न जैव विविधता प्रखर स्थल (बायोडाइवर्सिटी हॉट स्पॉट) पाये जाते है :

(i) बांग्लादेश में (ii) चीन में
(iii) भारत में (iv) इण्डोनेशिया में

नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

(1) (i) तथा (ii) (2) (i) तथा (iv)
(3) (i), (ii) तथा (iii) (4) (ii), (iii) तथा (iv)

44 World's first genetically modified dairy calf has been named as -

(1) Dolly (2) Jolly

(3) Lakes (4) Rivers

विश्व की प्रथम आनुवंशिकीय रूपान्तरित डेयरी बछड़ी को नाम दिया गया है –

(1) डोली (2) जौली

(3) लेक्स (4) रिवर्स

45 "Roundup Ready" - the first crop engineered for glyphosphate resistance contains modified genes for the enzyme -

(1) Enol pyruvic 3-phosphate transferase

(2) Enol pyruvilshikimate 3-phosphate synthase

(3) Phospho enol pyruvate

(4) Phospho enol transferase

ग्लाइफॉस्फेट प्रतिरोधी प्रथम अभियांत्रित फसल ''राउण्ड अप रेडी'' में रूपान्तरित जीन होती है :

(1) इनोल पाइरुविक 3–फॉस्फेट ट्रांसफेरेज एन्जाइम के लिये।

(2) इनोल पाइरुवाइलसिकिमेट 3–फॉस्फेट सिन्थेज एन्जाइम के लिये।

(3) फॉस्फोइनोल पाइरुवेट एन्जाइम के लिये।

(4) फॉस्फोइनोल ट्रांसफेरेज एन्जाइम के लिये।

46 In which region of Rajasthan, Central Arid Zone Research Institute is conducting project on standardization, conservation and propagation techniques of economically important shrubs and herbs ?

(1) Bharatpur region (2) Jaisalmer region

(3) Kota region (4) Udaipur region

राजस्थान के किस क्षेत्र में, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र शोध संस्थान द्वारा आर्थिक रूप से उपयोगी क्षुपों एवं शाकों के मानकीकरण, संरक्षण एवं संवर्धन तकनीकों पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है ?

(1) भरतपुर क्षेत्र (2) जैसलमेर क्षेत्र

(3) कोटा क्षेत्र (4) उदयपुर क्षेत्र

47 Which one of the following regions is the major centre for study on agri-silvi-horti-system under irrigation system in Rajasthan ?

(1) Alwar region (2) Ajmer region

(3) Bhilwara region (4) Bikaner region

निम्नलिखित में से कौन–सा क्षेत्र राजस्थान में सिंचाई तंत्र में कृषि–वन–उद्यान प्रणाली अध्ययन का प्रमुख केन्द्र है ?

(1) अलवर क्षेत्र (2) अजमेर क्षेत्र

(3) भीलवाड़ा क्षेत्र (4) बीकानेर क्षेत्र

48 Central Research Institute of arid horticulture is located at

(1) Bikaner (2) Jodhpur

(3) Jaisalmer (4) Nagaur

शुष्क उद्यानिकी का केन्द्रीय शोध संस्थान स्थित है –

(1) बीकानेर में (2) जोधपुर में

(3) जैसलमेर में (4) नागौर में

49 Which one of the following statements is correct ?

(1) Central Electro-Chemical Research Institute is located at Borkheda (Kota).

(2) Central Salt Research Institute is located at Sambhar (Jaipur).

(3) Central Electronic Engineering Research Institute is located at Pilani (Jhunjhunu).

(4) Central Road Research Institute is located at Abu Road (Sirohi).

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(1) केन्द्रीय इलेक्ट्रो–केमिकल शोध संस्थान बोरखेड़ा (कोटा) में स्थित है।

(2) केन्द्रीय साल्ट शोध संस्थान सांभर (जयपुर) में स्थित है।

(3) केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक इंजिनियरिंग शोध संस्थान पिलानी (झुंझुनु) में स्थित है।

(4) केन्द्रीय सड़क शोध संस्थान आबू रोड (सिरोही) में स्थित है।

50 Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | List-I (Research Centres) | | List-II (Districts) |
|---|---|---|---|
| (A) | Coriander | (i) | Ajmer |
| (B) | Horse | (ii) | Bharatpur |
| (C) | Mustard | (iii) | Bikaner |
| (D) | Sheep | (iv) | Kota |
| | | (v) | Tonk |

**Code :**

(1) (A)-(ii), (B)-(v), (C)-(i), (D)-(iv)

(2) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iii), (D)-(iv)

(3) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(v)

(4) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(v)

सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | सूची–I (शोध केन्द्र) | | सूची–II (जिले) |
|---|---|---|---|
| (A) | धनिया | (i) | अजमेर |
| (B) | घोड़ा | (ii) | भरतपुर |
| (C) | सरसों | (iii) | बीकानेर |
| (D) | भेड़ | (iv) | कोटा |
| | | (v) | टोंक |

कूट :

(1) (A)-(ii), (B)-(v), (C)-(i), (D)-(iv)

(2) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iii), (D)-(iv)

(3) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(v)

(4) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(v)

51 Two statements are given, followed by four conclusions. It is required to find out which of the conclusions logically follow from the given statements ?

Statements :

All knowledge is good.

All knowledge is difficult.

Conclusions :

1 Some good things are difficult.

2 All difficult things are knowledge.

3 All good things are difficult.

4 Easy things are not knowledge.

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

दो कथन दिए हुए हैं जिनके चार निष्कर्ष हैं। ज्ञात करना है कि दिए कथनों से कौन–से तार्किक निष्कर्ष है ?

कथन : सारा ज्ञान अच्छा है।

सारा ज्ञान कठिन है।

निष्कर्ष :

1 कुछ अच्छी चीजें कठिन है।

2 सभी कठिन चीजें ज्ञान है।

3 सभी अच्छी चीजें कठिन है।

4 सरल चीजें ज्ञान नहीं है।

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

52 The age of Ena is twice as old as Seema. What is the difference in their ages ?

Statements :

(a) After five years, the ratio of their ages would be 9 : 5.

(b) Before ten years, the ratio of their ages was 3 : 1.

Then which one is sufficient ?

(1) Only statement (a) (2) Only statement (b)

(3) Both (a) and (b) together (4) Not both (a) and (b)

ईना की आयु सीमा की आयु से दुगुनी है। उनकी आयु में क्या अंतर है ?

कथन :

(a) 5 वर्ष पश्चात् उनकी आयु का अनुपात 9 : 5 होगा ।

(b) 10 वर्ष पूर्व उनकी आयु का अनुपात 3 : 1 था ।

तो कौन–सा पर्याप्त है ?

(1) केवल कथन (a) (2) केवल कथन (b)

(3) कथन (a) तथा (b) दोनों साथ (4) कथन (a) तथा (b) दोनों ही नहीं

53 If $k = x - y + 2z$ where $-2 \le x \le 1, -1 \le y \le 2$ and $3 \le z \le 6$, then

(1) $0 \le k \le 9$ (2) $5 \le k \le 11$

(3) $2 \le k \le 14$ (4) $2 \le k \le 4$

यदि $k = x - y + 2z$ जहाँ $-2 \le x \le 1, -1 \le y \le 2$ तथा $3 \le z \le 6$, तो

(1) $0 \le k \le 9$ (2) $5 \le k \le 11$

(3) $2 \le k \le 14$ (4) $2 \le k \le 4$

54 If $XoY$ means $X$ is the wife of $Y$, $X * Y$ means $X$ is the son of $Y$ and $X \square Y$ means $X$ is the sister of $Y$. Which of the following would mean that $A$ is the daughter of B ?

(1) $A * C \square DoB$ (2) $AoC * D \square B$

(3) $A \square CoD * B$ (4) $A \square C * DoB$

यदि $XoY$ का अर्थ $X$, $Y$ की पत्नी है; $X * Y$ का अर्थ $X$, $Y$ का पुत्र है तथा $X \square Y$ का अर्थ $X$, $Y$ की बहिन है। निम्न में से किसका अर्थ $A$, $B$ की पुत्री है, होता है ?

(1) $A * C \square DoB$ (2) $AoC * D \square B$

(3) $A \square CoD * B$ (4) $A \square C * DoB$

55 If 5% of $x$ is added to $x$ and the 5% of the result is substracted from the result, then the value of $x$ :

(1) Increases (2) Decreases

(3) No change (4) Can't say

यदि $x$ में $x$ का 5% जोड़ने पर प्राप्त परिणाम में से परिणाम का 5% घटाया जाए तो $x$ का मान :

(1) बढ़ता है (2) घटता है

(3) अपरिवर्तनीय (4) नहीं कह सकते

56 Which two months in a year have the same calendar ?

(1) June, October (2) April, November

(3) April, July (4) October, December

एक वर्ष के कौन–से दो महिनों का कलेन्डर एक सा होता है ?

(1) जून, अक्टूबर (2) अप्रैल, नवम्बर

(3) अप्रैल, जुलाई (4) अक्टूबर, दिसम्बर

57 The $288^{th}$ term of the series a,b,b,c,c,c,d,d,d,d,e,e,e,e,e,f,f,f,f,f,f,......... is.

(1) v (2) w

(3) x (4) y

श्रेणी a,b,b,c,c,c,d,d,d,d,e,e,e,e,e,f,f,f,f,f,f,......... का 288 वाँ पद है :

(1) v (2) w

(3) x (4) y

58 The minimum number of different colours that can be filled in the portions of the figure given below where no two colours are same in adjoining portions is :



(1) 3 (2) 4

(3) 5 (4) 6

नीचे दिए चित्र के भागों में भरे जाने वाले विभिन्न रंगों की न्यूनतम संख्या, जहाँ दो पास वाले भागों में एक सा रंग नहीं हो, है :



(1) 3 (2) 4

(3) 5 (4) 6

59 The missing number in following figure is :




(1) 9 (2) 10

(3) 11 (4) 12

निम्न चित्र में अज्ञात संख्या है :




(1) 9 (2) 10

(3) 11 (4) 12

60 The two digit number when divided by sum of the digits and product of the digits respectively the remainder is same and the difference of quotients is one, then the number is :

(1) 14 (2) 23

(3) 32 (4) 41

दो अंकों वाली संख्या को उन अंकों के योग तथा गुणा से क्रमशः विभाजित करने पर शेषफल समान है तथा भागफलों का अंतर 1 है, तो संख्या है :

(1) 14 (2) 23

(3) 32 (4) 41

61 The National Minorities Development and Finance Corporation (NMDFC) in India was set up in :

(1) 1994 (2) 1990

(3) 1991 (4) 1993

भारत में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (NMDFC) की स्थापना की गई थी :

(1) 1994 में (2) 1990 में

(3) 1991 में (4) 1993 में

62 Rajiv Gandhi Scheme for Empowerment of adolescent girls named 'Sabla' includes the girls of the age group :

(1) 9 to 12 years (2) 10 to 15 years

(3) 11 to 18 years (4) 15 to 18 years

किशोरियों के हितार्थ राजीव गाँधी किशोरी सशक्तिकरण योजना 'सबला' में किशोरियों की आयु सीमा है :

(1) 9 से 12 साल (2) 10 से 15 साल

(3) 11 से 18 साल (4) 15 से 18 साल

63 Assertion (A) : There is a sharp fall in tax buoyancy in 2011-12.

Reason (R) : During 2011-12, both direct and indirect tax revenues grew at a very fast rate.

Examine these two statements and select the answer using the code given below :

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

कथन (A) : वर्ष 2011-12 में कर उत्प्लावकता में तीव्र गिरावट हुई।

कारण (R) : वर्ष 2011-12 के दौरान, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर राजस्व में तेज गति से वृद्धि हुई।

इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए तथा निम्नांकित कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(2) (A) और (R) दोनों सही है किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

(4) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।

64 Estimated percentage of persons below the poverty line in 2011-12 by Tendulkar method using mixed reference period in India is :

(1) 27.5 (2) 37.2

(3) 21.9 (4) 32.4

भारत में वर्ष 2011-12 में तेंदूलकर विधि के द्वारा मिश्रित सन्दर्भ अवधि का उपयोग करते हुए गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों का अनुमानित प्रतिशत है :

(1) 27.5 (2) 37.2

(3) 21.9 (4) 32.4

65 The Twelfth Five Year Plan of India mainly focuses on :

(1) accelerating industrial growth

(2) increasing rate of investment

(3) accelerating employment growth

(4) faster, sustainable and more inclusive growth

भारत की बारहवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य है :

(1) औद्योगिक विकास को गति प्रदान करना

(2) निवेश की दर को तेज करना

(3) रोजगार वृद्धि को तेज करना

(4) ज्यादा तेज, धारणीय तथा समावेशी संवृद्धि

66 In recent years, composition of tax revenue collected by the Union Government is showing that :

(1) Direct tax proceeds are larger than indirect tax proceeds

(2) Direct tax proceeds are smaller than indirect tax proceeds

(3) Direct tax proceeds are almost equal to indirect tax proceeds

(4) Direct tax proceeds are twice the size of indirect tax proceeds

हाल के वर्षों में संघीय सरकार द्वारा एकत्रित कर राजस्व की संरचना दर्शाती है कि

(1) प्रत्यक्ष कर प्राप्तियाँ अप्रत्यक्ष कर प्राप्तियों से अधिक है।

(2) प्रत्यक्ष कर प्राप्तियाँ अप्रत्यक्ष कर प्राप्तियों से कम है।

(3) प्रत्यक्ष कर प्राप्तियाँ अप्रत्यक्ष कर प्राप्तियों के लगभग बराबर है।

(4) प्रत्यक्ष कर प्राप्तियाँ अप्रत्यक्ष कर प्राप्तियों से दुगुनी है।

67 What was the most worrisome result of the population census of 2011 in Rajasthan as compared to 2001 ?

(1) Growth rate of population between 2001-2011 was high.

(2) Literacy rate in 2011 was still on the lower side.

(3) General sex-ratio in 2011 did not increase much.

(4) Sex ratio in the age group 0-6 years declined.

राजस्थान में 2011 की जनगणना के परिणामों में 2001 की तुलना में सबसे ज्यादा चिन्ताजनक परिणाम क्या रहा ?

(1) 2001-2011 के बीच जनसंख्या की वृद्धि दर ऊँची रही।

(2) 2011 में साक्षरता की दर नीची बनी रही।

(3) सामान्य लिंग अनुपात 2011 में ज्यादा नहीं बढ़ पाया।

(4) 0-6 वर्ष के आयु–समूह में लिंग–अनुपात घट गया।

68 Which five year plan showed highest growth rate in Rajasthan so far, on the basis of NSDP at 2004-05 prices ?

(1) Seventh (2) Tenth

(3) Eleventh (4) Sixth

शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद, 2004-05 की कीमतों के आधार पर राजस्थान की किस पंचवर्षीय योजना में अभी तक सर्वाधिक वृद्धि दर प्राप्त की गई है ?

(1) सातवीं (2) दसवीं

(3) ग्यारहवी (4) छठी

69 What was the target of fiscal deficit as prescribed under the Fiscal Responsibility and Budget Management Act, 2005 ?

(1) 3% of GSDP (2) 3.5% of GSDP

(3) 4% of GSDP (4) zero % of GSDP

राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्धन अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत राजकोषीय घाटे की निर्धारित सीमा का लक्ष्य क्या रखा गया ?

(1) सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3 प्रतिशत

(2) सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.5 प्रतिशत

(3) सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 4 प्रतिशत

(4) सकल राज्य घरेलू उत्पाद का शून्य प्रतिशत

70 Rajasthan Agriculture Competitiveness Project has been launched during 2012-13. This project is mainly emphasizing :

(1) Judicious use of irrigation water

(2) Mechanisation

(3) Organic farming

(4) Balanced use of fertilizers

राजस्थान कृषि प्रतिस्पर्धा परियोजना वर्ष 2012-13 में प्रारम्भ की गई। इस परियोजना में मुख्यतः जोर दिया गया है :

(1) सिंचित जल के कुशल उपयोग पर

(2) यन्त्रीकरण पर

(3) जैविक खेती पर

(4) उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर

71 Which of the following fact/facts is/are correct ?

(a) Rajasthan has a rich mineral base, making up 22 percent of the industrial mineral production of the country.

(b) Mining alone contributes about 5 percent of GDP of Rajasthan.

(c) Western Rajasthan has substantial deposits of lignite.

(1) (a) and (b) are correct (2) (a) and (c) are correct

(3) (b) and (c) are correct (4) All of the above are correct

निम्न में से कौन–सा / से तथ्य सही है / हैं ?

(a) राजस्थान का खनिज आधार बहुत समृद्ध है और देश के औद्योगिक खनिज उत्पादन का यह करीब 22 प्रतिशत है।

(b) राजस्थान की GDP में केवल खनन् का योगदान लगभग 5 प्रतिशत है।

(c) पश्चिमी राजस्थान में लिग्नाइट के पर्याप्त भंडार है।

(1) (a) और (b) सही है। (2) (a) और (c) सही है।

(3) (b) और (c) सही है। (4) उपरोक्त सभी सही है।

72 Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(1) Benthali Irrigation Project - Baran

(2) Chakan Irrigation Project - Bundi

(3) Bandi-Sendra Irrigation Project - Jalore

(4) Sukli Irrigation Project - Pali

निम्न में से कौन–सा जोड़ा सुमेलित नहीं है ?

(1) बैंथली सिंचाई परियोजना – बाराँ

(2) चाकन सिंचाई परियोजना – बून्दी

(3) बान्डी–सेन्दड़ा सिंचाई परियोजना – जालौर

(4) सूकली सिंचाई परियोजना – पाली

73 The Planning Commission has updated recently the poverty estimates for the year 2011-12. According to these estimates what are the percentages of population below the poverty line in Rajasthan ?

(1) 25 percent (2) 20 percent

(3) 15 percent (4) 22 percent

योजना आयोग ने हाल ही में गरीबी अनुमानों को वर्ष 2011-12 के लिये अद्यतन (update) किया है। इन अनुमानों के अनुसार राजस्थान में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन व्यतीत करने वाली जनसंख्या का प्रतिशत है :

(1) 25 प्रतिशत (2) 20 प्रतिशत

(3) 15 प्रतिशत (4) 22 प्रतिशत

74 Which agency is working as the nodel agency of the Government of Rajasthan to facilitate investments in various sectors in the state ?

(1) Investment Promotion Board of Rajasthan
(2) The Bureau of Investment Promotion
(3) Industrial Investment Board of Rajasthan
(4) RIICO

राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की सुविधा प्रदान करने के लिये राजस्थान सरकार की नोडल एजेन्सी के रूप में निम्न में से कौन-सी संस्था कार्य कर रही है ?

(1) राजस्थान का विनियोग संवर्द्धन बोर्ड
(2) ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेन्ट प्रमोशन
(3) राजस्थान का औद्योगिक विनियोग बोर्ड
(4) रीको

75 Match List-I with List-II regarding growth targets of 12th five year plan of Rajasthan for different sectors of the economy :

| | List - I<br>Sector | | List - II<br>Growth Target |
|---|---|---|---|
| (A) | Agriculture | (i) | 7.7 |
| (B) | Industry | (ii) | 9.5 |
| (C) | Services | (iii) | 8.0 |
| (D) | All sectors | (iv) | 3.5 |

**Code :**

(1) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)
(2) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(i)
(3) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(4) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(ii)

राजस्थान की 12वीं पंचवर्षीय योजना में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के लिये रखी गई लक्षित वृद्धि दरों के सन्दर्भ में सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिये :

| | सूची–I<br>क्षेत्र | | सूची–II<br>लक्षित वृद्धि दर |
|---|---|---|---|
| (A) | कृषि | (i) | 7.7 |
| (B) | उद्योग | (ii) | 9.5 |
| (C) | सेवायें | (iii) | 8.0 |
| (D) | सभी क्षेत्र | (iv) | 3.5 |

कूट :

(1) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)
(2) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(i)
(3) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(4) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(ii)

76 Match the following :

| | Irrigation Project | | Participatory State/States |
|---|---|---|---|
| (A) | Chambal Project | (i) | Only Rajasthan |
| (B) | Mahi-Bajaj Sagar Project | (ii) | Rajasthan and M.P. |
| (C) | Beas Project | (iii) | Rajasthan and Gujarat |
| (D) | Sidhmukh Project | (iv) | Punjab, Haryana and Rajasthan |
| | | (v) | Punjab and Rajasthan |

**Code :**

(1) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(iv)

(2) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)

(3) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(v)

(4) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)

सुमेलित कीजिये :

| | सिंचाई परियोजना | | भाग लेने वाले राज्य |
|---|---|---|---|
| (A) | चम्बल परियोजना | (i) | केवल राजस्थान |
| (B) | माही–बजाज सागर परियोजना | (ii) | राजस्थान व मध्य प्रदेश |
| (C) | ब्यास परियोजना | (iii) | राजस्थान व गुजरात |
| (D) | सिद्धमुख परियोजना | (iv) | पंजाब, हरियाणा व राजस्थान |
| | | (v) | पंजाब व राजस्थान |

कूट :

(1) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(iv)

(2) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)

(3) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(v)

(4) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)

77 Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer using the codes given below the lists :

| **List-I** | **List-II** |
|---|---|
| (A) Aerometer | (i) Measurement of altitude |
| (B) Ammeter | (ii) Measurement of engine speed |
| (C) Anemometer | (iii) Measurement of electric current |
| (D) Altimeter | (iv) Measurement of wind speed |
| | (v) Measurement of air/gas density/ weight |

**Code :**

(1) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(v), (D)-(i)

(2) (A)-(iii), (B)-(v), (C)-(iv), (D)-(ii)

(3) (A)-(v), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)

(4) (A)-(v), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(ii)

**सूची–I** को **सूची–II** से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (A) ऐरोमीटर | (i) ऊँचाई मापन |
| (B) आमीटर | (ii) ईंजन गति मापन |
| (C) एनीमोमीटर | (iii) विद्युत धारा मापन |
| (D) आल्टीमीटर | (iv) पवन वेग मापन |
| | (v) वायु/गैस घनत्व/भार मापन |

कूट :

(1) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(v), (D)-(i)

(2) (A)-(iii), (B)-(v), (C)-(iv), (D)-(ii)

(3) (A)-(v), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)

(4) (A)-(v), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(ii)

78 Assertion (A) : On the front side of an ambulance, the letters are usually written as ƎƆИA⅃UᙠMA .

Reason (R) : Images formed in mirrors are laterally inverted.

Select the correct answer using the code given below :

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

कथन (A) : रोगी वाहन के सामने सामान्यतया अक्षरों को ƎƆИA⅃UᙠMA के रूप में लिखा जाता है।

कारण (R) : दर्पण में बनने वाले प्रतिबिम्बों में पार्श्वीय उत्क्रमण होता है।

नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(1) कथन (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(2) कथन (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) कथन (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

(4) कथन (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।

79 The domestic electric appliances, these days, have star ratings (upto 5 stars) on them. The number of stars on them denotes that, more the number of stars -

(i) longer the life span of the appliance

(ii) higher the energy efficiency of the appliance.

(iii) better performance of the appliance.

Which of the above statement/s is/are true ?

(1) (i) only (2) (ii) only

(3) (i) and (ii) both (4) (i) and (iii) both

घरेलू विद्युत उपकरणों पर आजकल सितारे (5 सितारों तक) अंकित किये जाते हैं। इन उपकरणों पर अंकित सितारे व्यक्त करते हैं कि – सितारों की संख्या जितनी अधिक होती है –

(i) उस उपकरण की उपयोग अवधि अधिक होती है।

(ii) उस उपकरण की ऊर्जा दक्षता उच्चतर होती है।

(iii) उस उपकरण की कार्य क्षमता बेहतर होती है।

उपरोक्त में से कौन सा / से कथन सत्य है / हैं ?

(1) केवल (i) (2) केवल (ii)

(3) (i) व (ii) दोनों (4) (i) व (iii) दोनों

80 In a LAN network every system is identified by -

(1) Name (2) MAC Address

(3) IP Address (4) Serial Number given by manufacturer

LAN नेटवर्क में प्रत्येक सिस्टम की पहचान होती है –

(1) नाम द्वारा (2) MAC एड्रेस द्वारा

(3) IP एड्रेस द्वारा (4) निर्माता द्वारा दी गई क्रम संख्या से

81 Which Political Party considers that the present Indian State is the organ of the class rule of the Bourgeoisie and Landlords led by the big Bourgeoisie ?
(1) Communist Party of India
(2) Communist Party of India (Marxist)
(3) Communist Party of India (Marxist-Leninist)
(4) Samajwadi Party

कौन–सा राजनीतिक दल यह मानता है कि वर्तमान भारतीय राज्य बड़े पूँजीपति वर्ग के नेतृत्व में पूँजीपतियों और भूस्वामियों के वर्ग शासन का औजार है?
(1) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
(2) भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
(3) भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ((मार्क्सवादी लेनिनवादी)
(4) समाजवादी पार्टी

82 Consider the following statements :
(i) The Comptroller and Auditor General is the Head of Indian Audit and Accounts Service.
(ii) Shashi Kant Sharma is the 11th Comptroller and Auditor General of India.
Select the correct code :
(1) Only (i) is true. (2) Only (ii) is true.
(3) Both (i) and (ii) are true. (4) Both (i) and (ii) are false.

निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :
(i) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा का भी मुखिया होता है।
(ii) शशिकांत शर्मा भारत के ग्यारहवें नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक हैं।
सही कूटों का चयन करें :
(1) केवल (i) सत्य है। (2) केवल (ii) सत्य है।
(3) (i) एवं (ii) दोनों सत्य हैं। (4) (i) एवं (ii) दोनों असत्य हैं।

83 Identify the incorrect pair of middle tier of Panchayati Raj Institutions and the concerned state :
(1) Kshetra Samiti – Uttar Pradesh
(2) Panchayat Union Council – Tamil Nadu
(3) Taluka Panchayat – Gujarat
(4) Panchayat Samiti – Madhya Pradesh

पंचायती राज संस्थाओं के मध्यवर्ती स्तर एवं संबंधित राज्य के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए :
(1) क्षेत्र समिति – उत्तर प्रदेश (2) पंचायत यूनियन काउंसिल – तमिलनाडु
(3) तालुका पंचायत – गुजरात (4) पंचायत समिति – मध्य प्रदेश

84 After the enactment by Parliament of India, the Date of commencement of 'Right to Information Act' is :
(1) 15 June, 2005 (2) 22 June, 2005
(3) 2 October, 2005 (4) 12 Otcober, 2005

भारत की संसद द्वारा अधिनियमित किए जाने के बाद, 'सूचना का अधिकार अधिनियम' का समारंभ हुआ :
(1) 15 जून, 2005 को (2) 22 जून, 2005 को
(3) 2 अक्तूबर, 2005 को (4) 12 अक्तूबर, 2005 को

85 Assertion (A) : After the Supreme Court verdict in Maneka Gandhi Case, 1978 practically the doctrine of 'Due process of Law' is followed in India.

Reason (R) : According to Article 14 of the Constitution, State can not indulge in arbitrariness.

Select the correct codes :

(1) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, and (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

कथन (A) : 1978 में मेनका गाँधी केस में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद से भारत में व्यवहारतः 'कानून की उचित प्रक्रिया' के सिद्धांत का अनुकरण किया जा रहा है।

कारण (R) : संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार राज्य स्वेच्छाचारिता नहीं कर सकता है।

सही कूटों का चयन करें :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

(4) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।

86 Assertion (A) : 'Communalism fundamentally and above all is an Ideology'. (Bipin Chandra)

Reason (R) : Communalism may flourish without the occurrence of communal violence.

Select the correct codes :

(1) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, and (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

कथन (A) : 'साम्प्रदायिकता एक मूलतः और सर्वोपरी विचारधारा है। (बिपिन चंद्र)

कारण (R) : बिना सांप्रदायिक हिंसा के हुए भी, सम्प्रदायवाद पल्लवित हो सकता है।

सही कूटों का चयन करें :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

(4) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।

87 Consider the following regarding the power of the Governor to reserve a bill passed by the legislature for the reconsideration of the President of India :

(A) If it is in the direct opposition to the Directive Principles of State Policy.

(B) If the bill passed by the state legislature is of grave national importance.

